

नवभारत
भोपाल, गुरुवार 20 नवम्बर, 2025
03

# कमीशन खोरी–भ्रष्टाचार की नरक पालिका

**खास बातें**
- तेजी से वायरल आडियो से बेनकाब हुए चेहरे
- निर्माण कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार में नेता और ठेकेदारों की मिलीभगत




**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 19 नवम्बर,** नगर पालिका में लंबे समय से कमीशनखोरी का काम चलता आ रहा है. हालाकि यह बात गुपचुप तरीके से होती थी जिसकी खबर सबको होती थी लेकिन सामने कभी भी नहीं आई थी. लेकिन बुधवार को जो आडियो वायरल हो रहा है उसमें एक नपा के जनप्रतिनिधि और एक ठेकेदार की बात हो रही है. जिसमे कमीशन के लेन देन और उसके प्रतिशत की बात हो रही है कि किसको कितना कमीशन देना होता है और निर्माण कार्य की गुणवत्ता कैसी रखनी है यह बात भी आडियो में हो रही है. यह आडियो कब का है और कितना पुराना है इस बात की पुष्टि नहीं हो पा रही है. इसी बीच एक शिकायती आवेदन भी एएसपी और कोतवाली टीआई को दिया गया है जिसमें आडियो में हो रही बातचीत की जांच कराने की मांग की गई है. यह ऑडियो शहर के विकास मॉडल पर सीधा सवाल खड़ा करता है.

वायरल ऑडियो में दो आवाज़ें सड़क ठेकेदार से साफ़ तौर पर कहती सुनाई देती हैं जिसमें बेस कम डाल दो ...लेकिन प्रतिशत पूरा चाहिए...यानी शहर को कैसी सड़कें मिलेंगी, गुणवत्ता क्या होगी यह सब पीछे सबसे आगे सिर्फ कमीशन का प्रतिशत और यही वजह है कि आज विदिशा की गलियों में टूटी सड़कें, अधूरे काम और जनता की बढ़ती परेशानियाँ साफ़ दिखाई देती हैं. शहर के पार्षद पहले से ही नगर पालिका अध्यक्ष पर खुली कमीशनखोरी के गंभीर आरोप लगाते रहे हैं....अब यह वायरल ऑडियो उन आरोपों को और मजबूती देता दिख रहा है. वायरल ऑडियो की पुष्टि करने के लिए जब हमने नगर पालिका उपाध्यक्ष संजय दिवाकीर्ति से बात की तो उन्होंने कहा कि बिना कुछ पैसा दिए में इस पद पर पहुंचा हूं तो लोगों को यह बात हजम नहीं हो रही है, उनके खिलाफ षडयंत्र किया जा रहा है. वहीं उन्होंने कमीशन खोरी वाले सवाल पर कहा कि पार्षद कुछ थोड़ा बहुत लेते हो तो उसका पता नहीं.

> **यदि मेरी कहीं भी गलती है तो माफी मांगने तैयार हूं– मुकेश टंडन**
>
> विधायक मुकेश टंडन का कहना है कि वर्तमान समय में शहर में जो राजनेतिक हलचत है यह चुनाव का समय नहीं है चुनाव जब आएगा उस समय हम अपनी उपलब्धियां बताएंगें. मेरे कार्यकाल के समय सोशल आडिट होता था आज भी सोशल आडिट होना चाहिए. जो पैसा शहर के विकास के लिए मिला है उसका सदउपयोग होना चाहिए. यदि मेरी गलती है तो मैं किसी भी चौक चौराहे पर चर्चा के लिए तैयारी हूं और अपनी गलती मानने के लिए तैयार हूं.प्रदेश के सीएम ने विदिशा विकास को ए प्लस श्रेणी में रखते हुए विकास की राशि दी है मैं सभी लोगों से निवेदन करता हूं कि विकास में सहयोगी बने.

धरने पर बैठे पार्षद भी बेबाक हो गए भाजपा पार्षद अशोक जाट ने कहा कि नगर पालिका में पैसा चारों ओर बंट रहा है.अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को पद से हटाकर नगर पालिका भंग कर देना चाहिए. कांग्रेसी पार्षद आशीष माहेश्वरी ने संजय दिवकीर्ति पर आरोप लगाया कि वह पहले ही दिन से भ्रष्टाचार में लिप्त हैं जिसको लेकर पुतला दहन किया गया था. अध्यक्ष का चार्ज मिलते ही इन्हें तिजोरी की चाबी मिल गई. संजय दिवकीर्ति पूर्व में भी कई छोटी छोटी डिमांडों की मांग किया करते थे आने वाले समय में इनका खुलासा किया जाएगा.

### आवेदन मिला है जांच कराई जा रही है

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे का कहना है कि एक ठेकेदार ने आवेदन दिया गया है जिसमें बताया गया है कि एक ऑडियो जो वायरल किया गया है यह गलत तरीके से किया गया है... एएसपी ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है.

## रेलवे स्टेशन बाहर से चकाचक, अंदर से टूटा फूटा

### 25 करोड़ की लागत से बन रहे स्टेशन के हाल बेहाल

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 18 नवम्बर, गंजबासौदा का रेलवे स्टेशन लगभग 25 करोड़ की लागत से बना है जो बाहर से बहुत खूबसूरत दिखाई देता है.वहीं दूसरी ओर रेलवे स्टेशन का प्रांगण गंदगी से पटा पड़ा है.मिल रोड का जो दरवाजा है टूटा फूटा प्रवेश करते ही गंदगी का सामना करना पड़ता है.हालांकि रेलवे सफाई के नाम पर लाखों रुपए खर्च करती है.परंतु कैसी सफाई होती है यह सामने रेलवे के प्रांगण में दिखाई दे रहा है.बाउंड्री वॉल जगह जगह से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है.जहां लोग गंदगी करने के लिए भी जाते हैं.**



रेलवे पुलिस कभी बाहर आकर सुधार की दिशा में ध्यान नहीं देती इस प्रांगण में शराब, गांजा, अफीम खाने–पीने का दौर चलता रहता है जुआड़ी माल गोदाम के पास जमे रहते हैं और भी इस प्रांगण में अनैतिक कार्य रात्रि के समय होते हैं. कभी पुलिस घूम फिर कर नहीं देखती कहां क्या चल रहा है.बगल का प्रांगण भी धूल से भरा रहता है इस दिशा में रेलवे के अधिकारी ध्यान नहीं देते इससे यात्रियों को बहुत परेशानी होती है शौचालय भी गंदा पड़ा रहता है बाथरूम में भी गंदगी फैली रहती है नियमित सफाई नहीं होती जबकि नियम अनुसार सफाई के साथ धुलाई भी होना चाहिए इसके साथ यहां जेब कट भी घूमते रहते हैं मौका मिलते ही अपना काम दिखा देते हैं भिखारी रात्रि में गंदगी रेलवे प्रांगण में ही करते हैं साथ ही रेलवे स्टेशन के बाहर ऑटो रिक्शा तथा अन्य वाहन कहीं भी खड़े रहते हैं.

## झोपड़ी में मांस मिलने पर वन विभाग ने की कार्यवाही

**नवभारत न्यूज**
**ग्यारसपुर,** वन परिक्षेत्र ग्यारसपुर के स्टाफ द्वारा वन मण्डलाधिकारी मेंत यादव एवं उपवनमंडल अधिकारी विदिशा हिमांशु त्यागी के मार्ग दर्शन एवं परिक्षेत्र अधिकारी ग्यारसपुर श्रीमती मुस्कान शिवहरे के निर्देशन में बड़ी कार्यवाही की गई. जिसमें मुखबिर की सूचना के आधार पर वन स्टॉफ द्वारा ग्राम चोपड़ा में काशीनाथ पुत्र चंपानाथ की झोपड़ी पर दबिश दी गई. झोपड़ी में एक बर्तन में लगभग 900 ग्राम मांस चूल्हे पर रखा हुआ मिला.काशीनाथ से शिकार के संबंध में पूछा गया तो उसने उक्त मांस कस्तूरी बिलाव स्माल इंडियन किवाइट का होने का बताया. इसके उपरांत आरोपी को गिरफ्तार कर भारतीय वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया.



## कैसे पुलिस बनें कार्यशाला का तीसरा दिन

### छात्रा ने पुलिस से किये कई सवाल

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** पुलिस सेवा लड़कियों को आत्मनिर्भर, साहसी और नेतृत्व–क्षमता से सम्पन्न बनाती है. कठोर प्रशिक्षण से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे समाज में प्रेरणा का स्रोत बनती हैं.सरकारी नौकरी होने के कारण इसमें सुरक्षा, सम्मान, स्थिर आय और करियर वृद्धि जैसे अवसर भी उपलब्ध होते हैं, जो महिलाओं के लिए एक मजबूत भविष्य सुनिश्चित करते हैं. लड़कियों का पुलिस बनना न केवल व्यक्तिगत सफलता बल्कि समाज के सशक्तिकरण का प्रतीक भी है.यह बात सूबेदार मेघा शर्मा ने कही. शासकीय आदर्श महाविद्यालय विदिशा में आयोजित छह दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन छात्राओं ने मेघा शर्मा से उनके जीवन और भविष्य में आने वाली चुनौतियों को लेकर भी कई सवाल किए. इस मौके पर सूबेदार भागीरथ प्रसाद ने कहा की लड़कियों का पुलिस बनना न केवल व्यक्तिगत सफलता बल्कि समाज के सशक्तिकरण का प्रतीक भी है.कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.ब्रह्मदीप अलूने ने की वहीं संचालन डॉ अनीता शाक्य ने किया. विशेष व्याख्यान हिंदी पर डॉ स्मिता सिंघई ने किया.

**एक नजर में**

### 5 घंटे विद्युत सप्लाई रहेगी बंद

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** मप्र मक्षेवि. वि. क.लि. सिरोंज शहर के प्रबंधक ने बताया कि 20 नवंबर गुरुवार को 33 के.व्ही. भैरो बाबा एवं देवपुर फीडर पर 33 के व्ही. लाईन इंटरकनेक्शन का कार्य होने के कारण 11 के.व्ही यूनिवर्सिटी फीडर, 11 के.व्ही पंचकुईयां फीडर की विद्युत प्रदाय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी. उक्त फीडर से संबंधित क्षेत्र रावजी पुरा, गणेश की अथाई, लटेरी रोड, भोपाल रोड, कोर्ट एरिया, रॉयल सिटी, चाँदनी चौक, मंशापूरण कॉलोनी, पुराना बस स्टेण्ड, ढाल बाजार, भूतेश्वर पथ, किडी, कटरा, तलैया, अलीगंज पहाड, टोरी गुम्मट, देवपुर उपकेंद्र, रतनबर्री उपकेंद्र, पगरानी उपकेंद्र से संबंधित इत्यादि क्षेत्र के समस्त उपभोक्ताओं की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी.

### बीएलओ एवं सुपरवाइजर गंभीरता से कार्य करें–एसडीएम

**नवभारत न्यूज**
**पठारी,** निर्वाचन आयोग द्वारा क्षेत्र में एसआईआर मतदाता सूची का पुनरीक्षण 2023 की सूची से किया जा रहा है जिसको लेकर कुरवाई एसडीएम मनीष जैन पठारी क्षेत्र की कई पोलिंग पर पहुंचे और बीएलओ से एसआईआर के बारे में जानकारी प्राप्त की एसडीएम ने कहा कि निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में नियुक्त बीएलओ एवं सुपरवाइजर्स को गंभीरता से यह कार्य पूर्ण करना हैं.उन्होने कहा है कि इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी.इस दौरान कई जगह पर बीएलओ को कड़ी फटकार भी लगाई गई.एसडीएम ने पठारी बडोह पटरा छपारा उदयपुर सहित कई पोलिंग का निरीक्षण किया.

## गूलरखेड़ी में जल निगम ने शुरू की पाइप लाइन डालना

**नवभारत न्यूज**
**गुलाबगंज,** ग्राम पंचायत गूलरखेड़ी में पेयजल समस्या को देखते हुए विधायक मुकेश टंडन के निर्देश पर सरपंच और जनपद सदस्य के प्रयास से बुधवार को जल निगम ने पाइप लाइन डालना शुरू कर दिया है.बहुत समय से इसके लिए प्रयासरत थे.क्षेत्रीय सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी एवं जनपद सदस्य सचिन यादव परन्तु किसी न किसी बहाने के चलते जल निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहे थे.जिस पर विधायक मुकेश टंडन ने तुरंत कार्यवाही करते हुए जल निगम को निर्देशित किया कि एक हफ्ते में कार्य शुरू हो जाना चाहिए.ग्रामीणों ने विधायक मुकेश टंडन एवं सरपंच जनपद का आभार व्यक्त किया.




## बाल मेले में बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों के लगाये स्टाल

**नवभारत न्यूज**
**पठारी, नगर के सुपीरियर कान्वेंट स्कूल में विद्यार्थियों ने खाद्य सामग्री की दुकानें लगाई. विद्यालय परिसर में लगे इन स्टालों ने बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास को उजागर किया.कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के संचालक नीतेश लोधी एवं शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर बाल मेले का शुभारंभ किया बाल मेले को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया.**
विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों ने भी मेले मे बड़ चड़ कर हिस्सा लिया.मेले की खास बात यह रही की सभी छात्र–छात्राओं द्वारा अपने–अपने स्टालों में विशेष साफ–सफाई पर ध्यान दिया गया एवं स्वच्छता का संदेश दिया.बाल मेले मे बच्चो द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवान वनाए गये. अभिभावको के साथ लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजन चखकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया.

## एड . चंद्रशेखर मिश्रा का आकस्मिक निधन

**नवभारत न्यूज**



**विदिशा , सुरेश मिश्रा, डॉक्टर प्रमोद मिश्रा , धर्मेंद्र मिश्रा के भाई ,अभिभाषक संघ के पूर्व सचिव ग्राम परासी निवासी एडवोकेट चंद्रशेखर मिश्रा ( बकील साहब ) का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया.श्री मिश्रा की अंतिम यात्रा प्रातः 10 बजे उनके निज निवास ग्राम पारसी से मुक्तिधाम को निकाली जाएगी.**
स्व. मिश्रा लंबे समय तक विधिक सेवाओं से जुड़े रहे और अभिभाषक हितों के लिए सदैव सक्रिय रहे.सामाजिक, सरल एवं मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे परासी सहित आसपास के क्षेत्रों में अत्यंत सम्मानित थे.उनके निधन से अधिवक्ता समुदाय, परिचितों और ग्रामीणों में शोक की लहर व्याप्त है.सभी ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य व शक्ति दें.

## सांसद खेल महोत्सव में उत्साह और उमंग का बना माहौल

**नवभारत न्यूज**
**हैदरगढ़,** सांसद खेल महोत्सव का आयोजन न्यू मॉर्डन एजुकेशन स्कूल प्रांगण में शुभारंभ किया गया.कार्यक्रम में हैदरगढ़ सरपंच सुनील विश्वकर्मा उपसरपंच राकेश पंथी जनपद सदस्य मौकम सिंह कुशवाह सचिव हेमंत सोनी सहायक सचिव दीपिका भावसार पीएम श्री माध्यमिक शाला प्रभारी कल्पना भावसार शिक्षक सुरेंद्र मालवीय खेल एवं युवा कल्याण विभाग ब्लॉक समन्वयक गोपाल कुशवाह सहित अधिकारी–कर्मचारी और विद्यालयों के शिक्षक बड़ी संख्या में मौजूद रहे.इनमें रस्सा कसी, लेमन दौड़, चेयर दौड़ जैसी प्रतियोगिताएँ प्रमुख रहीं बच्चों और युवाओं ने खेलों में बढ़–चढ़कर भाग लिया. जिससे पूरे मैदान में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा. रस्सा कसी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में मानसी कुर्मी, बालक वर्ग में प्रियांशु की टीम हायर सेकंडरी स्कूल हैदरगढ़ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया. लेमन रेस में बालिका वर्ग से पल्लवी बालक वर्ग से अलमास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. चेयर रेस में बालिका वर्ग से वैष्णवी एवं बालक वर्ग से अनुराग कुशवाह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया.



## महारानी लक्ष्मीबाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का मनाया जन्मदिन

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वाधान में वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं दारा सिंह की जयंती मनाई गई. कार्यक्रम का संचालन संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने किया. वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई 1857 के भारतीय विद्रोह की एक प्रमुख नायिका के रूप में उनके साहस और वीरता को दर्शाता है. वहीं इंदिरा गांधी जी जयंती भी मनायी गयी. जिसमें वक्ताओं ने कहा कि वे 1966 से 1977 तक लगातार तीन बार प्रधानमंत्री रहे चौथी पारी 1980 से लेकर 1984 तक उनकी राजनीतिक हत्या होने तक प्रधानमंत्री रही.वे भारत की प्रथम और अभी तक की एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रही. वाचनालय प्रभारी रोहिली ने भी अपने विचार व्यक्त किए.आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर सतीश शिल्पकार प्रवीण शर्मा, कैलाश पटवा,मोहन सैनी,सुबोध जैन, कैलाश नेमा सहित अमित पाठक गण उपस्थित थे.

## इंदिरा गांधी जी की 108वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं सेवादल द्वारा माधव उद्यान, विदिशा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में इंदिरा गांधी जी के राष्ट्रनिर्माण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान और उनके अदम्य साहस को विस्तार से याद किया गया.वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी जी ने अपने मजबूत नेतृत्व, दृढ़ संकल्प, गरीबी उन्मूलन के प्रयास, देश की सुरक्षा, अखंडता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाले निर्णयों के माध्यम से राष्ट्र को नई दिशा प्रदान की. इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, रंधीर सिंह ठाकुर, अब्दुल रहमान फारुकी, , सुभाष बोहत, प्रियंका किरार, अरुण अवस्थी गोविंद चौबे, आशीष माहेश्वरी, पर्वत सिंह गौड़ आदि उपस्थित रहे.कार्यक्रम का संचालन आशीष माहेश्वरी ने किया तथा आभार सेवादल के अध्यक्ष रामराज सिंह दांगी ने व्यक्त किया.

> **सिरोंज में भी दी श्रद्धांजलि**
>
> कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको याद किया. इस मौके पर कांग्रेस के नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व तथा उनके द्वारा देश एवं समाज हित में किये गये कार्यों के बारे में बताया. इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद गौरी, केसर खान, पार्वती रघुवंशी, रजत गौड़, अतीक मंसूरी, सादिक कुरैशी, अंकित भार्गव, सुभान गौरी, कमल सिंह यादव, नूर मंसूरी, अरविंद नगीना, फारूक अहमद आदि मौजूद रहे.

## जरूरतमंदों को मदद पहुंचाने की पहल, नपा ने शुरू की नेकी की दीवार

### पहले दिन नेकी की दीवार आये 30 नये स्वेटर

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** शहर में जरूरतमंद लोगों को मदद पहुंचाने के लिये नगरपालिका द्वारा एक सामाजिक पहल शुरू की गई है. जिसके तहत नगरपालिका द्वारा नपा कार्यालय में नेकी की दीवार शुरू की गई है. जिसमें लोग अपने घरों में उपयोग ना होने वाले सामान को जरूरतमंदों के लिये दे सकते हैं. वही शहर के जरूरतमंद लोग इस सामान की आवश्यकता होने पर इसे यहां से ले सकते है. नगरपालिका कार्यालय में नपा उपाध्यक्ष मनोज सांईनाथ, जनप्रतिनिधियों सहित नपा के अधिकारी, कर्मचारियों की मौजूदगी में बुधवार को इस नेकी की दीवार का शुभारंभ किया गया.

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि नेकी की दीवार जरूरतमंदों को मदद पहुँचाने की पहल है. जिसके माध्यम से लोग अपने घरों में उपयोग न होने वाले सामान, कपड़े, जूते एवं अन्य सामग्री जरूरतमंदों को दे सकते हैं. वही शहर के जरूरतमंद लोग इस सामान की आवश्यकता होने पर इस नेकी की दीवार से बिना झिझक के ले भी सकते हैं. इस सामाजिक पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों तक मदद पहुँचाना है. साथ ही लोगों को जरूरतमंदों के लिए दान देने के लिए प्रोत्साहित करना है. वही जरूरतमंद लोग भी बिना किसी झिझक के इस नेकी की दीवार से अपनी आवश्यकता अनुसार जरूरत का सामान भी ले सकते हैं. इस नेकी की दीवार पर लोग ना केवल घर के उपयोग में ना आने वाले सामान, कपड़ों, जैकेट, स्वेटर, जूते, चप्पल, चादर तथा अन्य घरेलू सामान रख सकते हैं. बल्कि जरूरतमंदों के लिए नये कंबल, वस्त्र, बिस्तर, कपड़े भी उपलब्ध करा सकते हैं. यह उन लोगों की मदद करती है जो अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं. यह दान देने की प्रक्रिया को आसान बनाती है, जहाँ लोग बिना झिझक के सामान ले और दे सकते हैं. यह पहल समाज के लोगों को एक–दूसरे की मदद करने के लिए प्रोत्साहित करती है. जिसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना और जरूरतमंदों के जीवन में खुशी लाना है.



> **पहले दिन आए 30 नये स्वेटर**
>
> नपा कार्यालय में बुधवार को नेकी की दीवार के शुभारंभ के मौके पर ही कई लोगों द्वारा अपने घरों में उपयोग न होने वाले सामान को इस नेकी की दीवार पर रखा गया. मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू ने बताया कि इस मौके पर एक दानदाता द्वारा सर्दी के मौसम को देखते हुए 30 नये स्वेटर भी इस नेकी की दीवार पर रखे गए. जिनको कई जरूरतमंद लोग इस नेकी की दीवार से लेकर गये.

### घरों से सूचना मिलने पर नपा कर्मचारी लेंगे सामान

मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू ने बताया कि नपा कार्यालय में बुधवार को नेकी की दीवार की फिर से शुरुआत की गई है. नपा कार्यालय में सूचना आने पर नपा कर्मचारी घरों पर जाकर सामान को लाकर इस नेकी की दीवार पर रखेंगे. उन्होंने शहर के लोगों से घरों में उपयोग न होने वाले सामान को जरूरतमंदों को देने के लिए इस नेकी की दीवार पर रखने का आग्रह किया है. साथ ही शहर के जरूरतमंद लोगों से अपनी आवश्यकता अनुसार इस नेकी की दीवार से सामान लेने का भी आग्रह किया है.

**महोत्सव** | लगुन से राम राजा विवाह महोत्सव की शुरुआत, सीता जी की गोद भराई आज

## 25 नवंबर को विवाह पंचमी पर निकलेगी भव्य और दिव्य राम बारात

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक उत्साह और भक्ति भक्ति भाव के साथ श्रीराम–सीता विवाह महोत्सव की पवित्र परंपराओं की शुरुआत भगवान श्रीराम की लगुन के साथ आठ दिवसीय दिव्य उत्सव मंगलमयी शुरुआत हो गई. 20 नवंबर गुरुवार को जानकी जी की गोद भराई एवं श्रीराम का तिलकोत्सव का आयोजन सदर बाजार स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित किया गया है.**



मंगलवार को सावरकर चौक स्थित हनुमान जी की साक्षी से निकली लग्न पत्रिका, भोलेनाथ के दरबार में जाकर समर्पित हुई जहां भगवान सीताराम जी के विवाह की लग्न पत्रिका पढ़ी गई और उसे जनक जी को सौंपा गया.अब जैसे–जैसे श्रीराम विवाह महोत्सव की तिथियां समीप आएंगी वैसे यह विवाह महोत्सव सनातन प्रेमियों को मिथिला–अयोध्या के विवाह उत्सवों की भव्यता की अनुभूति कराएगा.

मालूम हो कि नगर में श्री राम रसधारा परिवार द्वारा इस वर्ष भी श्रीराम विवाह महोत्सव का आयोजन धूमधाम के साथ किया जा रहा है। विवाह संस्कार की शुरुआत मंगलवार को लगुन व मटियाना की रस्मों के साथ हुई. लग्न पत्रिका सावरकर चौक स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जी को साक्षी मानते हुए शोभायात्रा के रूप में गाजे बाजे के साथ विभिन्न सामग्रियों से सजे पांच ठेलों के साथ सदर बाजार स्थित भोलेनाथ के दरबार पहुंची. लग्न पत्रिका की शोभायात्रा के पूरे मार्ग में आतिशबाजी की गई. महिलाओं और पुरुष वर्ग ने भक्ति भाव के साथ नित्य करते हुए आनंद उत्सव मनाया. हनुमान जी को लग्न पत्रिका समर्पित होने का यह दृश्य अत्यंत पावन था, मानो स्वयं पवनपुत्र नगर को रामविवाह के मंगल आशीष दे रहे हों.मंदिर परिसर में ढोल नगाड़े,शंखनाद और जयघोषों के बीच जब पंडित आशीष गोस्वामी ने शिव मंदिर में लग्न पत्रिका का विधिपूर्वक वाचन किया. सभी उपस्थित भक्त जब श्रीराम विवाह के अनुष्ठानों की तिथियां सुन रहे थे, तब वातावरण में ऐसा भाव छलक रहा था जैसे स्वयं जनकपुर और अयोध्या का मिलन हो रहा हो.